दैनिक जागरण 12/10/2025

# पोस्टर मेकिंग में स्नेहा और दीप्रा ने मारी बाजी



जीएमएन कालेज में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। • विज्ञप्ति

**अंबाला • विज्ञप्ति :** गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज अंबाला छावनी में एकल उपयोग प्लास्टिक पर प्रतिबंध विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन वनस्पति विज्ञान प्रयोगशाला में सुबह 11:30 बजे हुआ। छात्रों ने प्रतियोगिता में सक्रिय रूप से भाग लिया और एकल-उपयोग प्लास्टिक के हानिकारक प्रभावों के बारे में रचनात्मकता और जागरूकता का प्रदर्शन किया। पोस्टरों में प्रदूषण, समुद्री जीवन पर प्रभाव और स्थायी विकल्पों सहित विभिन्न विषयों को दर्शाया गया था। इस आयोजन का उद्देश्य पर्यावरण के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना और छात्रों को प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के बारे में रचनात्मक रूप से सोचने के लिए प्रोत्साहित करना था। संयोजक डा. शिखा जग्गी ने बताया कि निर्णायक की भूमिका डा. कुलदीप यादव और डा. मीनू राठी ने निभाई। प्रथम पुरस्कार स्नेहा और दीप्रा को दिया गया। द्वितीय पुरस्कार पायल और राजनंदिनी को दिया गया।